Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University
Muzaffarpur (Bihar) - 842001

Ref. No. ...CCDC/369 **Dated ...23:11:2026**

सेवा में,

प्राचार्य / विभागाध्यक्ष / निदेशक,
संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग (व्यवसायिक पाठ्यक्रम)
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

विषय:- Vocational/Professional Course सत्र 2026-27 में On-the-Spot नामांकन एवं नया आवेदन के संबंध में,

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि PGDCA कोर्स को छोड़कर अन्य सभी Vocational/Professional Course (व्यवसायिक पाठ्यक्रम) सत्र 2026-27 में On-the-Spot नामांकन (पूर्व में आवेदन किए हुए छात्रों एवं नया आवेदन करने वाले छात्रों) के लिए पोर्टल दिनांक 23.11.2026 से 25.11.2026 तक खुली रहेगी | साथ ही नया आवेदन करने वाले छात्रों के लिए भी पोर्टल दिनांक 23.11.2026 से 24.11.2026 तक खुली रहेगी | संबंधित महाविद्यालय / विश्वविद्यालय विभाग Samarth Portal पर अपने user id एवं password के द्वारा निर्धारित तिथि में नामांकित छात्रों को update कर सकतें हैं | इस संबंध में संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग के लिए निम्नलिखित निर्देश नीचे दिए गए हैं :-

1. संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग पूर्व से निर्धारित (पूर्व से नामांकन हो रहे) स्वीकृत सीट पर ही नामांकन लें एवं ज्यादा अंक वाले छात्रों को On-the-Spot नामांकन में प्राथमिकता दिया जाये |
2. संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग के द्वारा अपने स्तर से छात्रों के आवश्यक कागजातों का नियमानुसार सत्यापन किया जाए तथा सत्यापन के उपरांत छात्रों का नामांकन उसी दिन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से update किया जाए |
3. नामांकन पूर्व की भाँति संबंधित Ordinance & Regulation के प्रावधानों के आधार पर ही लिया जाए |
4. नया आवेदन करने वाले छात्र पोर्टल brabuadm.samarth.edu.in पर उपर्युक्त निर्धारित तिथि में आवेदन कर सकते हैं |
5. किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या होने पर उसकी सूचना Email Id:- Samarth@brabu.ac.in पर भेज सकते हैं |

अतः संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभागों से अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित अवधि में नामांकन प्रक्रिया को अवश्य पूर्ण कर लें |

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार |

ह०/-
सी.सी.डी.सी.

पत्रांक...CCDC/369..., दिनांक...23.../...11.../2026.

प्रतिलिपि प्रेषित:- Nodal Officer, Samarth Portal / Coordinator, IT Cell, / All Officers / P.A. to V.C., B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित |

Rajesh 23/11/26
सी.सी.डी.सी.

Rmni
23.11.26